# काशी सांसद पेंटिंग प्रतियोगिता-2026

# नियम एवं शर्तें

## 1. श्रेणियाँ (आयु/कक्षा के आधार पर)

प्रतियोगिता निम्नलिखित चार श्रेणियों में आयोजित की जाएगी–

- कक्षा 01 से 05
- कक्षा 06 से 08
- कक्षा 09 से 12
- कक्षा 12 से अधिक (सामान्य श्रेणी)

## 2. पेंटिंग की श्रेणियाँ

प्रतिभागी निम्नलिखित माध्यमों में पेंटिंग प्रस्तुत कर सकते हैं–

- ऐक्रेलिक (Acrylic)
- ऑयल कलर (Oil Colour)
- वाटर कलर (Water Colour)
- टेम्पेरा (Tempera)
- पेस्टल (Pastel)
- क्रेयॉन (Crayon)
- रंगीन पेंसिल (Colour Pencil)
- चारकोल (Charcoal)
- मिश्रित माध्यम (Mixed Media)

## 3. विषय (Theme)

प्रतिभागी निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर पेंटिंग बना सकते हैं–

1. काशी के घाट
2. काशी की गलियाँ
3. काशी के मंदिर
4. काशी का इतिहास

5. काशी का भोजन एवं व्यंजन
6. काशी के हस्तशिल्प
7. काशी के विकास कार्य
8. माँ गंगा और काशी
9. काशी में जनजीवन
10. काशी में अन्य धर्म (जैन, बौद्ध आदि)
11. इतिहास और काशी

## 4. कलाकृति का आकार

- श्रेणी-A: 11.7 × 16.5 इंच (A3)
- श्रेणी-B: 13 × 18 इंच (या आयोजन समिति द्वारा निर्धारित आकार)
- श्रेणी-C एवं D: 36 × 36 इंच

## 5. माध्यम

- कैनवास
- ड्राइंग शीट
- हस्तनिर्मित कागज़
- कपड़ा
- अन्य उपयुक्त पेंटिंग सतह

## 6. पात्रता

1. प्रतिभागी वाराणसी जनपद के स्थायी अथवा अस्थायी निवासी होने चाहिए।
2. प्रतिभागी केवल अपनी निर्धारित आयु/कक्षा श्रेणी में ही भाग ले सकते हैं।
3. ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य होगा।
4. केवल पंजीकृत प्रतिभागियों को ही प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति होगी।
5. पंजीकरण केवल आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।
6. प्रतिभागी को अपना नाम, पता, विद्यालय/संस्थान, मोबाइल नंबर एवं दो पासपोर्ट आकार के फोटो उपलब्ध कराने होंगे।

## 7. प्रतियोगिता के नियम

1. प्रतिभागी अपनी सभी कला सामग्री स्वयं लाएँगे। आयोजन समिति कोई सामग्री उपलब्ध नहीं कराएगी।

2. प्रत्येक प्रविष्टि को पूर्व निर्धारित कोड/क्रमांक प्रदान किया जाएगा।

3. कलाकृति पर कलाकार का नाम अथवा कोई पहचान चिन्ह अंकित नहीं होगा।

4. प्रत्येक पेंटिंग के साथ शीर्षक एवं 50–100 शब्दों का संक्षिप्त विवरण देना अनिवार्य होगा।

5. निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

6. आयोजन समिति आवश्यकता पड़ने पर किसी भी नियम में संशोधन अथवा आवश्यक निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होगी।

7. प्रत्येक प्रविष्टि निर्धारित समयावधि में आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करनी होगी।

8. शॉर्टलिस्ट किए गए प्रतिभागियों को अपनी मूल (Original) पेंटिंग प्रदर्शनी एवं अंतिम मूल्यांकन हेतु प्रस्तुत करनी होगी।

9. चयनित पेंटिंगों की प्रदर्शनी आयोजन समिति द्वारा निर्धारित तिथियों में आयोजित की जाएगी।

10. सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

11. प्रत्येक श्रेणी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

12. किसी भी कलाकृति में अवैध, अश्लील, आपत्तिजनक, घृणास्पद, भ्रामक अथवा कानून-विरुद्ध सामग्री स्वीकार नहीं की जाएगी।

## 8. पुरस्कार

प्रत्येक श्रेणी में–

- प्रथम पुरस्कार
- द्वितीय पुरस्कार
- तृतीय पुरस्कार

सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र तथा विजेताओं को प्रमाणपत्र, स्मृति चिन्ह।

## 9. बौद्धिक संपदा अधिकार

प्रतियोगिता में प्राप्त सभी पेंटिंगों के प्रकाशन, प्रदर्शन, प्रचार-प्रसार, पुनरुत्पादन तथा अन्य शैक्षिक एवं सार्वजनिक उपयोग का अधिकार आयोजन समिति के पास सुरक्षित रहेगा। इस उपयोग के लिए कलाकार अथवा प्रतिभागी किसी अतिरिक्त पारिश्रमिक अथवा मुआवज़े का दावा नहीं करेंगे।